संख्या-47/2015/क0नि0/4-1627/11-2015-400(26)/2006

प्रेषक,

धीरेन्द्र कुमार वर्मा,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन ।

सेवा में,

आयुक्त,
वाणिज्य कर,
उ0प्र0 लखनऊ।

कर एवं निबंधन अनुभाग-4 लखनऊः दिनांक 02 दिसम्बर, 2015

विषयः- वाणिज्य कर विभाग में 01 निष्प्रयोज्य घोषित वाहन के प्रतिस्थापन स्वरूप 01 नया वाहन क्रय करने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-बी-4-वाहन क्रय-निष्प्रयोज्य वाहन के स्थान पर नये वाहन-2015-16/3265/वाणिज्य कर, दिनांक 20.10.2015 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कमिश्नर, वाणिज्य कर विभाग के निष्प्रयोज्य घोषित वाहन संख्या-यू0पी0-32-बीजी-0606(एम्बेस्डर कार) के प्रतिस्थापन स्वरूप 01 नयी इनोवा कार 2.5 जी (ई-4) एक्स सेवन सीटर क्रय किये जाने हेतु कुल धनराशि रू0 11,62,169-00 (रूपये ग्यारह लाख बासठ हजार एक सौ उन्हत्तर मात्र) व्यय किये जाने की एतद्द्वारा श्री राज्यपाल, प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति सहर्ष प्रदान करते है।

2. यह भी सुनिश्चित किया जाये कि निष्प्रयोज्य घोषित उक्त वाहन के स्थान पर पूर्व में में नया वाहन क्रय न किया गया हो।

3. स्वीकृत नये वाहन का क्रय सुसंगत वित्तीय नियमों के अन्तर्गत डी0जी0एस0एण्ड डी0 दर पर किया जायेगा तथा क्रय किये जाने वाले वाहन की गुणवत्ता तथा दर की वैधता की अवधि सुनिश्चित कर ली जायेगी।

4. सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम अनुभाग-2 के शासनादेश संख्या-1/2015/403/ 18-2-15-125(ल0उ0)/2014, दिनांक 22-5-2015 में दी गयी व्यवस्था के अनुसार क्रय किया गया वाहन विभागाध्यक्ष द्वारा उपयोग में लाया जायेगा।

2...

http://shasanadesh.up.nic.in

5. उक्त व्यय वर्तमान वित्तीय वर्ष 2015-16 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-89 के अन्तर्गत लेखा शीर्ष-2040-बिक्री, व्यापार आदि पर कर-आयोजनेत्तर- 800-अन्य व्यय-03-वाणिज्य कर आयुक्त का अधिष्ठान-14-मोटर गाडियों का क्रय' के नामे डाला जायेगा।

6. यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-ई-9-383/दस-2015, दिनांक 24 नवम्बर, 2015 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,
धीरेन्द्र कुमार वर्मा,
अनु सचिव।

संख्या 47/2015/क0नि0-4-1627(1)/11-2015 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- महालेखाकार,(लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
2- महालेखाकार, (लेखा एवं परीक्षा) प्रथम/द्वितीय उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
3- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन लखनऊ।
4- वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-9
5- गार्ड फाइल/समीक्षा अधिकारी (बजट)।

आज्ञा से,

धीरेन्द्र कुमार वर्मा,
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in